Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to construct dams on both sides of river Ganga.

श्री मलूक नागर (बिजनौर): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । मैं गंगा मईया के बारे में बोलना चाहता हूं । पार्लियामेंट में मेरी पहली स्पीच गंगा मईया से संबंधित थी । जब मोदी जी वाराणसी जाते हैं तो बहुत अच्छा लगता है । इस बार का जो बजट आया है, उसमें अगले 25 साल के लिए प्रोविजन रखा गया है ।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि गंगा नदी की सफाई और गंगा नदी का बांध हरिद्वार से निकलते ही आगे, जहां तक गंगा जाती है, कोई ऐसा प्रोविजन अवश्य हो, जिससे गंगा नदी पर एक साल में कम से कम 10 किलोमीटर, 20 किलोमीटर या 25 किलोमीटर तक दोनों तरफ से बांध बने । उससे गंगा नदी के दोनों तरफ जो लोग बाढ़ में बह जाते हैं, उससे बचाव होगा । इससे गंगा नदी को एक खूबसूरत दिशा मिलेगी । विदेश से आने वाले लोग जो गंगा मईया के बारे में सुनते हैं, जब गंगा मईया को इतना खूबसूरत देखेंगे तो पर्यटन को भी बहुत बढ़ावा मिलेगा ।

जैसे ही हरिद्वार से आगे निकलते हैं तो पुरकाजी विधान सभा है, जो मेरे लोक सभा क्षेत्र में है । इसी प्रकार मीरापुर, हस्तिनापुर, बिजनौर और चांदपुर भी वाराणसी की तरह गंगा नदी के किनारे मेरी लोक सभा क्षेत्र में पड़ती हैं । जहां पुरकाजी विधान सभा है, उसमें पुराकाजी एक कस्बा है, वहां पर एक ऐसे ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की जाए, जिससे माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी की जो सोच है कि किसान की आय दोगुनी कैसे हो, डिजिटल करेंसी से पेमेंट कैसे हो और ड्रोन से खेती को बढ़ावा कैसे मिले, जिससे माननीय प्रधान मंत्री जी की जो सोच है, उससे पश्चिमी उत्तर के किसानों को फायदा मिल सकेगा । बहुत-बहुत धन्यवाद ।